तृतीय सत्र, 2019
का प्रथम शुक्रवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

शुक्रवार,
15 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1941
(दिनांक : 06 दिसम्बर, 2019)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>23.11.2019 | **क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून महानगर में एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्त पोषित योजना के अन्तर्गत कुल कितने घरों को सीवर लाइन से संयोजित करने का प्रस्ताव था और अब तक उनमें से कितने घरों को संयोजित किया गया है ? | शहरी विकास |
| श्री उमेश शर्मा 'काऊ'<br>25.11.2019 | **क्या वित्त मंत्री 07वें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार केन्द्र सरकार के शासकीय सं0–38/37/2016/पी.एण्ड.पी.(ए) दिनांक 12–5–2017 एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश सं0–31/2017/सा–524/10–2017/308 (8) 2016 दिनांक 04–9–2017 के आधार पर 09–11–2000 (उत्तराखण्ड राज्य के बनने से पूर्व) के सेवानिवृत्त/पारिवारिक पेंशनरों को उत्तर प्रदेश पुनर्गठन के 8 वीं सूची की धारा–54 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2071 के अन्तर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, को उत्तराखण्ड शासन के आदेश सं0–205/XXVII (10)/2018 दिनांक 15–10–2018 में दी गई संशोधित पेंशन 01–11–2018 के स्थान पर संगठन की मांग के अनुसार 01–01–2016 से देने का विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त |

## नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>05.08.2019 | *1. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि कृषि उपज के भण्डारण की सुविधा न होने के कारण किसानों को अपनी उपज बिचौलियों को कम कीमत पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है ? क्या सरकार भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि उपज भण्डारण की सुविधा उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>06.08.2019<br>श्री प्रीतम सिंह<br>09.08.2019<br>श्री देशराज कर्णवाल<br>18.11.2019 | *2. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा प्रदेश के किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गयी है ? क्या मंत्री जी बताऐंगे कि संकल्प से समृद्धि तक कार्यक्रम के तहत 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के लिए क्या–क्या कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.08.2019 | *3. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रदेश में बागवानी एवं फसल बीमा योजना हिमांचल प्रदेश के आधार पर उत्तराखण्ड के कास्तकारों को समर्थन मूल्य व फसल बीमा की सुविधा प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.08.2019 | **स्थगित।**<br>*4. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कुल कृषि भूमि का कितना भाग पर्वतीय क्षेत्रों में बंजर स्वरूप ले रहा है तथा मैदानी क्षेत्रों में कृषि भूमि का कितना भाग अन्य प्रयोजनों हेतु दिया जा रहा है ? क्या सरकार कोई ठोस कार्यवाही करते हुए कृषि कार्यों हेतु भूमि को बचाने का कार्य करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.08.2019 | *5. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि राज्य में जड़ी–बूटी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक राज्य में किन–किन क्षेत्रों में जड़ी–बूटी का उत्पादन किया जा रहा है? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि उत्पादित जड़ी–बूटी का विपणन जड़ी–बूटी उत्पादकों के समक्ष बड़ी चुनौती हैं? यदि हां, तो सरकार ने इन उत्पादों के विपणन की कोई प्रभावी व्यवस्था की हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.08.2019 | *6. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि राज्य में चाय बागान के लिए कार्य योजना विद्यमान है? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में बंजर भूमि पर चाय बागान विकसित करने के लिए अभी तक कौन–कौन से स्थान चिन्हित किये हैं? क्या यह भी सत्य है कि चाय बागान के लिए सरकार द्वारा चाय की नर्सरी तैयार करने का प्रस्ताव है? यदि हां, तो उक्त नर्सरी कहाँ–कहाँ पर बनाई जायेगी तथा | उद्यान |

उससे कितनी पौध तैयार करने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.08.2019 | *7. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन नगरी धनोल्टी में लगभग 800 एकड़ कृषि भूमि का आलू फार्म सरकार की उदासीनता के कारण बंजर हो गया है? क्या यह भी सत्य है कि पूर्व में 400 एकड़ भूमि पर सरकारी मदद से आलू का भारी उत्पादन किया गया था, जिससे क्षेत्र के कृषकों को भारी लाभ मिला? क्या सरकार बतायेगी कि इस विशाल कृषि आलू फार्म को संचालित कर स्थानीय कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.08.2019 | *8. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि राज्य में सगंध खेती की जाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे अभी तक सरकार ने सगंध खेती के लिए कौन–कौन से स्थान चयनित किये है तथा उन पर कौन–कौन से एरोमेटिक प्लांट की खेती की जाती है? क्या यह भी सत्य है कि सगंध खेती में डेमस्क गुलाब की खेती करायी जाती है? यदि हां, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि डेमस्क सगंध गुलाब के लिए विधान सभा क्षेत्र टिहरी के चम्बा, मसूरी फलपट्‌टी, काणाताल, हेवल घाटी, जड़धारगांव व अंजनी सैण क्षेत्र में उक्त कार्य के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की क्या कार्य योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.08.2019 | *9. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि कृषकों के पास अपने कृषि उत्पाद के भण्डार की समुचित व्यवस्था नहीं है और प्रदेश में आयी आंधी और तूफान से फसलों को भारी नुकसान हुआ है ? केन्द्र, प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की दोगुनी आय का वादा पूरा करने के लिए क्या सरकार किसान आयोग, कृषि विज्ञान केन्द्र, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा पर्वतीय क्षेत्रों में क्लस्टर कृषि को बढ़ावा देने और मैदानी क्षेत्रों में तकनीक की मदद से उत्पादन वृद्धि की योजना बनाने जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16.08.2019 | *10. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कुल कितने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भुगतान किया जा चुका है ? क्या सरकार बतायेगी कि किसानों को सम्मान निधि की द्वितीय किस्त का भुगतान कब तक कराया जायेगा ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि प्रदेश के सारे छोटे बड़े किसानों को सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करवाया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16.08.2019 | *11. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में उत्पादित सेब के लिए अभी तक भी हिमांचल एप्पल मार्क की पेटियों का इस्तेमाल किया जा रहा है ? क्या यह सत्य है कि हर्षिल (टकनोर), नौगांव (रवांई) क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में सेब विपणन के लिए उत्तराखण्ड एप्पल मार्क की | उद्यान |

पेटियों का भारी अभाव बना हुआ है? क्या सरकार उत्तराखण्ड में उत्पादित सेब के विपणन के लिए उत्तराखण्ड एप्पल मार्क की पर्याप्त पेटियों की उपलब्धता सुनिश्चित करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.08.2019 | *12. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा कृषि उपज बढ़ाने के लिए अब तक क्या प्रयास किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री राजेश शुक्ला<br>01.11.2019 | *13. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश का प्रतिष्ठित उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम पिछले कई वर्षों से घाटे में चल रहा है तथा किसानों द्वारा आपूर्त गेहूं के बीज का भुगतान तथा कर्मचारियों के वेतन भुगतान लगभग एक वर्ष से नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि कितने किसानों का एवं कितने कर्मचारियों के वेतन का भुगतान कितने समय से एवं कितना बकाया है ? सरकार यह भुगतान कब तक करेगी ? क्या सरकार इस निगम को घाटे से उबारने हेतु कोई प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो कब तक और क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>06.08.2019 | 1. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जंगली जानवरों से भूमि व फसल सुरक्षा हेतु घेरबाड़ योजना प्रारम्भ की गई है ? क्या यह सत्य है कि खासकर मैदानी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जाता है ? क्या सरकार ऐसे ग्रामों के लिए प्राथमिकता के आधार पर योजना चलायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>06.08.2019 | 2. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार पर्वतीय कृषि नीति बनाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो उससे सम्बन्धित प्रगति विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>07.08.2019 | 3. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य सहित विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा, भीमताल, रामगढ़, धारी ब्लॉकों के मध्य एक नवीन मण्डी खोलने के लिए सरकार प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो कब तक इस पर कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह<br>08.08.2019 | 4. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश के किन–किन फलों व फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>08.08.019 | 5. क्या कृषि शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि औद्यानिकी विश्व विद्यालय के रानीचौरी परिसर टिहरी के काण्डाताल में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स स्कीम के तहत कोई कार्य चल रहा है ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक उक्त योजना के तहत काण्डाताल में कितना कार्य किया गया है तथा उस पर व्यय धनराशि का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि शिक्षा |
| श्री राजकुमार<br>09.08.2019 | 6. क्या कृषि मंत्री अवगत है कि प्रदेश में यमुना घाटी क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है ? क्या मंत्री जी कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या किसानों के हित लाभ की योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक इसको प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.08.2019 | 7. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकिनाइजेशन (एस.एम.ए.एम.) के तहत पर्वतीय क्षेत्रों में फार्म पावर 0.5 प्रतिशत है जबकि मैदानी क्षेत्रों में 3.30 प्रतिशत है ? पर्वतीय क्षेत्रों में औसतन ड्राफ्ट काफी कम है? इसे बढ़ाने पर सरकार द्वारा क्या कोई कार्य किये जा रहे हैं अथवा नहीं ? | कृषि |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.08.2019 | 8. क्या कृषि शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि औद्यानिकी विश्वविद्यालय भरसार में संविदा शिक्षक कार्यरत हैं ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में उक्त विद्यालय के कितने कैम्पस कॉलेज संचालित हैं तथा उनमें पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रम का विवरण क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि विश्वविद्यालय के कैम्पस कॉलेज में शिक्षण कार्य के लिए अस्थायी शिक्षकों की व्यवस्था है ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों को कितने समय तक के लिए नियुक्तियां दी जाती हैं तथा उन्हें प्रतिमाह कितना वेतन दिया जाता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16.08.2019 | 9. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जड़ी–बूटी उत्पादक कृषकों के उत्पाद के विपणन हेतु हर्बल मण्डियों की स्थापना किन–किन स्थानों पर की गई हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि समय पर कृषकों को खत्ता न मिलने तथा आपदा/बर्फवारी आदि के कारण उत्पाद नष्ट होने की दशा में कृषकों को आर्थिक सहायता/प्रतिकर का भुगतान किया जाता है ? | उद्यान |

| | | |
|---|---|---|
| | यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री देशराज कर्णवाल 16.08.2019 | 10. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आंधी तूफान के कारण आम व अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है तथा मैदानी क्षेत्रों में नील गाय आदि जंगली पशुओं द्वारा फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा फसलों को हुए नुकसान की भरपायी करने एवं फसलों को बचाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री धन सिंह नेगी 19.08.2019 | **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 25 में स्थानान्तरित।** 11. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि राज्य में राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना संचालित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त परियोजना में उद्यान विभाग की कार्य योजना क्या है तथा इसके लिए कितने बजट का प्राविधान किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.08.2019 | 12. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जडी–बूटी कृषिकरण में संलग्न कृषकों का पंजीकरण कर उनका डाटाबेस तैयार किया गया हैं? क्या सरकार बतायेगी कि जड़ी–बूटी कृषिकरण हेतु किन–किन प्रजातियों का चयन किया गया है एवं किन–किन प्रजातियां का पंजीकृत कृषकों द्वारा उत्पादन किया जा रहा हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री धन सिंह नेगी 21.08.2019 | 13. क्या उद्यान एवं रेशम मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार द्वारा रेशम उत्पादन के लिए कार्ययोजना संचालित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक रेशम उत्पादन के लिए सरकार द्वारा कौन सी योजना संचालित की जा रही है तथा उससे स्वरोजगार की दिशा में अभी तक की प्रगति का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार ने विभिन्न विभागीय फार्म हाउसों के द्वारा ओक टसर के माध्यम से रेशम उत्पादन का कार्य प्रारम्भ किया है? यदि हां तो वर्तमान में ओक टसर के लिए कौन से क्षेत्र चिहिन्त किये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान एवं रेशम |
| श्री धन सिंह नेगी 21.08.2019 | 14. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि पहाड़ी जनपदों में विपणन की व्यवस्था के लिए सरकार मण्डी/उप मण्डी खोलकर किसानों को बाजार देने का कार्य करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत आराकोट चम्बा में स्वीकृत उप मण्डी के लिए अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.08.2019 | 15. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार संचालित की जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यह योजना राज्य के किन–किन जिलों में संचालित की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.08.2019 | 16. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जड़ी–बूटी कृषिकरण हेतु पंजीकृत कृषकों को लीज रेन्ट/पट्टे पर कुल कितनी भूमि दिये जाने का प्राविधान किया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि ऐसे कृषकों को जड़ी–बूटी कृषिकरण हेतु भूमि, निःशुल्क बीज–पौधे तथा भूमि समतलीकरण/जुताई, खुदाई, खेत निर्माण, सिंचाई सुविधा एवं सुरक्षा दीवार निर्माण हेतु अनुदान दिये जाने का प्राविधान किया गया हैं ? यदि हां, तो वह क्या हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.08.2019 | 17. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान उपकेन्द्र मुखेम विकासखण्ड प्रतापनगर टिहरी गढ़वाल का विधिवत् संचालन प्रारम्भ कर दिया गया हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि उपरोक्त उपकेन्द्र में कार्यालय भवन, प्रशिक्षण कॉम्प्लेम्स भवन, बाऊन्ड्रीवॉल, शैड हाउस, पॉलीहाउस तथा नर्सरी आदि अवस्थापना सुविधायें विकसित की जा चुकीं है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.08.2019 | 18. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड जौनपुर, टिहरी गढ़वाल में दिनांक 25.04.2019 को भारी ओलावृष्टि से काश्तकारों की नकदी फसलों को भारी क्षति पहुंची है ? क्या सरकार द्वारा फसलों और उद्यानों की क्षति का आकलन करा लिया गया है ? प्रभावित काश्तकारों को उनकी क्षति का प्रतिकर भुगतान कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.08.2019 | 19. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना (एस0एच0सी0) उपलब्ध करा दिये गये है तथा इस कार्ड योजना के अन्तर्गत किसानों को क्या–क्या लाभ प्राप्त होते है ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.08.2019 | **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 27 में स्थानान्तरित।**<br>20. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार कृषि को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य के सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों में कृषि पाठ्यक्रम प्रारम्भ कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.08.2019 | 21. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रो में कृषि व्यवसाय के अनेक क्षेत्रों में समय व शारीरिक श्रम का दबाव कम करने हेतु यन्त्रीकरण की अत्यधिक आवश्यकता हैं? क्या सरकार गेंहू की मड़ाई हेतु थ्रेशर तथा खेतों की जुताई के लिए पॉवर टिलर (टिलर) अनुदान पर काश्तकारों को उपलब्ध कराया जा रहा हैं? यदि हां, तो वर्ष 2017—18 में पर्वतीय क्षेत्रों में अध्यासित कितने कृषकों को यह कृषि यन्त्र उपलब्ध कराये गयें? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.08.2019 | 22. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पारम्परिक बीजों को बचाने के लिए सरकार द्वारा क्या—क्या उपाय किये जा रहे हैं ? क्या सरकार द्वारा परम्परागत बीजों के संरक्षण के लिए बीज बैंक की स्थापना की गई है ? यदि हां, तो बीज बैंक में कुल कितनी प्रजाति के बीजों को संरक्षित किया जा चुका है और प्रदेश के कितने कृषकों को बीज वितरित किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.08.2019 | 23. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि सरकार प्रदेश में गलनशील कृषि उत्पादों पर मण्डी शुल्क समाप्त करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो, कब तक? यदि नही, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>30.08.2019 | 24. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भेषज विकास इकाई एवं भेषज संघों की स्थापना वर्ष 1969 में हो गयी थी ? क्या यह सत्य है कि भेषज संघों का कार्य वनों से संग्रहण का रहा हैं ? औषधीय पादपों के विकास हेतु वर्तमान तक इस विभाग की कोई नीति निर्धारित नहीं की गई है? क्या सरकार भेषज विकास इकाई तथा भेषज संघों के लिए कोई नीति बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>30.08.2019 | 25. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गुणवत्तायुक्त उत्पादन हेतु सब्जी एवं पुष्पों की खेती के लिए कृषकों को पॉली हाऊस व शेडनेट हाऊस योजनान्तर्गत राज सहायता प्रदान की जा रही है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश के बेरोजगार नौजवानों को, जो कि सब्जी तथा पुष्प उत्पादन को अपना स्वरोजगार अपनाना चाहते हैं, को शत प्रतिशत राज सहायता से पॉली हाऊस व शेडनेट हाऊस उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>30.08.2019 | 26. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में | उद्यान |

| | | |
|---|---|---|
| | राजकीय उद्यान, धनोल्टी को औद्यानिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो इस योजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री धन सिंह नेगी 30.08.2019 | 27. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि राज्य के भीतर उद्यानीकरण के लिए सरकारी फार्म हाऊस उपलब्ध है? यदि हां तो क्या मंत्री जी वर्तमान में राज्य के फार्म हाऊसों का विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या यह भी सत्य है कि सरकार के पास आलू उत्पादन के लिए फार्म हाऊस मौजूद है? यदि हां, तो क्या सरकार धनोल्टी स्थित आलू फार्म के वर्तमान धनोल्टी स्थित आलू फार्म के वर्तमान स्टेटस का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल 30.08.2019 | 28. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लघु एवं सीमान्त कृषकों को अपनी निजी सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा घेरबाढ़ योजना चलाई जा रही है? यदि हां, तो सरकार द्वारा अब तक हरिद्वार जनपद में इस योजना से कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल 30.08.2019 | 29. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मिट्टी के नमूने की जांच किस दर पर की जाती है? क्या सरकार मृदा की निःशुल्क जॉच करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल 02.09.2019 | 30. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद में वित्तीय वर्ष 2018–19 में खरीफ व रबी की फसलों में कुल कितने किसानों की किन–किन फसलों का कितने क्षेत्रफल के लिए फसल बीमा किया गया तथा बीमा के कितने दावे प्राप्त हुए तथा कितने किसानों का भुगतान हुआ? यदि हां, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल 03.09.2019 | 31. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जड़ी–बूटी शोध संस्थान के तहत नियुक्त बी0पी0एल0 ट्रेनरों को नियमित मानदेय मिल रहा है? यदि हां, तो कितना? यदि नही, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल 03.09.2019 | 32. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश कितने और कौन–कौन से जैविक जिले घोषित किये गये? क्या इसमें हरिद्वार शामिल किया गया है? यदि नहीं, तो सरकार द्वारा हरिद्वार को कब तक जैविक जिला घोषित किया जायेगा ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल 04.09.2019 | 33. क्या कृषि मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि एकीकृत बहुउद्देशीय जल सम्भरण परियोजना चलाई जा रही है? क्या उक्त परियोजना से जल | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| | सम्भरण टैंकों का उपयोग सिंचाई के साथ–साथ मत्स्य पालन तथा मुर्गी पालन इकाईयों को बढ़ावा देकर किसानों की अतिरिक्त आय का सृजन किया जा रहा है अथवा नहीं ? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.09.2019 | 34. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लखोरी मिर्च, चावल, आलू आदि की भारी मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने स्वयं इसके उत्पादन को बढ़ाये जाने की घोषणा की है? सरकार द्वारा इस पर क्या कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.09.2019 | 35. क्या कृषि मंत्री अवगत है कि प्रदेश में कृषि के उत्पादन को बढ़ावा देने और फसलों को सुरक्षा दिये जाने के उद्देश्य से फसल ऋण व फल बीमा योजनाओं को सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.09.2019 | 36. क्या कृषि शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि और औद्यानिकी महाविद्यालय प्रदेश में कितने है और कितने खोले जाने प्रस्तावित है ? सरकार द्वारा झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में उक्त महाविद्यालय खोलने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं तो क्यों ? | कृषि शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.09.2019 | 37. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत राज्य में कौन–कौन सी योजनाएं चलाई जा रही है तथा इन योजनाओं को संचालित करने के मानक क्या है ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.09.2019 | 38. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय सम्पोषणीय कृषि मिशन के अन्तर्गत परम्परागत कृषि विकास योजना प्रदेश में संचालित की जा रही है तथा यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किन–किन जनपदों में यह संचालित की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.09.2019 | **तृतीय सोमवार अतारांकित प्रश्न संख्या 34 में स्थानान्तरित।**<br>39. क्या कृषि मंत्री अवगत है कि कृषि क्षेत्र में फसल बीमा के लिए सरकार द्वारा जो शिथिलीकृत मानक तय किये गये है उसके तहत यह कार्य तहसील के लेखपाल/पटवारी को दिया गया है? जबकि जनपद हरिद्वार में लेखपाल व पटवारी की संख्या स्वीकृत पदों के अनुरूप नहीं है, एक–एक पटवारी के पास कई लेखपालों का क्षेत्र है ? यदि हां, तो क्या सरकार यह कार्य अन्य किसी फर्म/विभाग के कर्मचारियों से कराये जाने अथवा लेखपालकों की भर्ती कराने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.09.2019 | 40. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार द्वारा क्षेत्रीय उत्पादित नकदी फसलों के निर्यात व रख रखाव हेतु पूरे प्रदेश में लघु मण्डियों की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 13.09.2019 | 41. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उद्यानपतियों को उत्पादन की दृष्टि से उचित मूल्य देने की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल 16.09.2019 | 42. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किसानों की परम्परागत खेती के साथ–साथ जैविक एवं औषधीय खेती के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या कदम उठाये गये है और सरकार द्वारा किस–किस योजना में कितना–कितना व्यय निर्धारित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल 17.09.2019 | 43. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में जनपदवार अदरक बीज की कुल कितनी आपूर्ति की गयी है एवं जनपदवार कितने क्षेत्रफल में अदरक बीज बुआई का लक्ष्य रखा गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल 18.09.2019 | 44. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आवारा पशुओं, बन्दरों, सुअरों से निजात दिलाने एवं किसानों की फसलों को सुरक्षा प्रदान करवाने हेतु चकबन्दी एवं तारबाड़ लगाने के लिए सरकार कोई ठोस उपाय कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल 25.09.2019 | 45. क्या कृषि शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कृषि को प्रोत्साहित करने एवं कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु सरकार प्रदेश के जनपद हरिद्वार में कृषि विश्वविद्यालय खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 26.09.2019 | 46. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बीमारियों से बचने के लिए व व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ऑर्गेनिक एक्ट बन चुका है? यदि नही, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल 03.10.2019 | 47. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में जड़ी–बूटी संग्रहण तथा जड़ी–बूटी मण्डियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने तथा सुदृढ़ीकरण हेतु सरकार कोई कार्य कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल 03.10.2019 | 48. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि एवं उद्यान विभाग का एकीकरण किया जा रहा है? यदि हां, तो कृषि एवं उद्यान विभाग के कर्मचारियों की वरिष्ठता के क्या मानक तय किये गये है ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल | स्थगित। | |

| | | |
|---|---|---|
| 15.10.2019 | 49. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि निजी कृषि नलकूपों के लिए सोलर प्लान्ट लगाने की सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.10.2019 | 50. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार गेहूं, जौ, बाजरा, चना एवं सरसों का समर्थन मूल्य निर्धारित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री सुरेश राठौर<br>29.10.2019 | 51. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश के किसानों के हित में जनपद हरिद्वार में एक उच्च स्तरीय एवं हाईटेक कृषि अनुसंधान केन्द्र बनाये जाने हेतु क्या कोई कार्यवाही गतिमान है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी कृत कार्यवाही का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री धन सिंह नेगी<br>13.08.2019 | 52. कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या टिहरी गढ़वाल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ, नई टिहरी को पांवती कांठा से गुज्जरों के उपार्जित दूध के घूत्त से पंवाली काण्ठा तक रोपवे निर्माण का कार्य चल रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त रोपवे पर अभी तक कितनी धनराशि व्यय हुयी है तथा वह कब तक बनकर तैयार हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.11.2019 | 53. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कृषि फसल बीमा योजना के मानकों में संशोधन करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.11.2019 | 54. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्र में कृषि उत्पाद (दलहन एवं तिलहन अनाज) को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय दुगनी करने की सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.11.2019 | 55. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 2011 के अन्तर्गत किन कृषि उत्पादों को सूची से हटाया गया है ? यदि हां, तो किन्हें ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.11.2019 | 56. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद विपणन बोर्ड एवं अधीनस्थ मण्डी समितियों के संरचनात्मक ढांचे में संशोधन पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.11.2019 | 57. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप और क्रॉप का संचालन कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जल संचयन हेतु बहुउद्देशीय ट्रक चैकडेम कच्चे एवं पक्के जल संचय, तालाब सिंचाई जल आदि के कितने निर्माण कार्यो पर कार्य किया गया है? यदि नहीं किया गया, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.11.2019 | 58. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत एकीकृत बहुउद्देशीय जल सम्भरण योजना तथा जंगली जानवरों से फसलों को हो रही क्षति को रोकने हेतु क्या कार्य किया जा रहा है ? यदि किया जा रहा है, तो कितने विकास खण्डों को लाभान्वित किया गया है, यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.11.2019 | 59. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के ग्रामों में कृषि विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामों में कृषि विकास हेतु बीज मिनीकिट, कृषि यंत्र, सिंचाई टैंकों, मृदा एवं जल संरक्षण, पॉली हाउस निर्माण एस.डी.पी.आई. पाइप वितरण, प्लास्टिक टैंक वितरण पर कितना कार्य किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.11.2019 | 60. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय संपोषण कृषि मिशन के अन्तर्गत कृषि क्षेत्रों में समवित फसल पद्धति के प्रोत्साहन एवं जल उपयोगिता पर क्या कार्य किया जा रहा है ? यदि नहीं किया जा रहा है, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.11.2019 | 61. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम (आर.डी.ए.) जो कि 90:10 फंडिंग पैटर्न पर संचालित है, पर कितने कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं तथा इससे कितने किसानों को लाभ दिया गया है ? यदि दिया गया है, तो कितने क्षेत्रों को लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.11.2019 | 62. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एकीकृत फसल प्रणाली जो कि उद्यान आधारित फसलों पर कार्य कर रही है, इस योजना के अन्तर्गत कितने किसानों को लाभ दिया गया है ? यदि दिया गया है, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.11.2019 | 63. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मूल्यवर्द्धन एवं संसाधन संरक्षण के लिये सरकार कोई कार्य कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.11.2019 | 64. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत कितने क्षेत्रों को लाभान्वित किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो | कृषि |

क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.11.2019 | 65. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की गयी थी जो कि 50 प्रतिशत केन्द्रपोषित तथा 50 प्रतिशत राज्यांश से वित्त पोषित है जो कि भारत सरकार द्वारा अधिकृत 18 बीमा कम्पनियों के सहयोग से चलाई जा रही है ? यह योजना किसी प्राकृतिक आपदा अन्य जोखिम से संसूचित फसल को होने वाली क्षति की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता एवं बीमा कवरेज दिया जाता है, जो कि बहुत कम मात्रा में प्रदान किया जाता है ? क्या इसको बढ़ाने के लिए विभाग कार्य कर रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.11.2019 | 66. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय विकास परिषद् के अन्तर्गत प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य मिशन को शुरू किया गया था ? इस योजना में कितने जनपदों का क्षेत्र विस्तार किया गया तथा कितने लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.11.2019 | 67. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा 8 ब्लॉकों में रसायनिक खाद की बिक्री पर जो रोक लगायी गयी है, उसे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों तक बढ़ाने की योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.11.2019 | 68. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्लस्टर आधारित एकीकृत 'आदर्श कृषि ग्राम योजना' संचालित करने का निर्णय लिया गया था ? इस योजना में कितने कलस्टरों एवं कितने किसानों को सम्मिलित किया गया है ? यदि किया गया है तो कितने कलस्टरों पर कार्य किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |